प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.04.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे

## चंबा दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज चंबा जिला के दौरे पर आ रहे हैं। वे दोपहर बाद ज़िला मुख्यालय में पहुंचेंगे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान वे पार्टी कार्यकत्ताओं से मिलने के बाद आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेंगे।

---

## विश्व लिवर दिवस

दुनिया भर में लिवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करके स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए आज विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लिवर की बीमारियाँ, मृत्यु का 10वाँ सबसे आम कारण हैं। इस वर्ष के विश्व लिवर दिवस की थीम 'भोजन ही औषधि है'।

---

## नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से खाने में तेल की मात्रा दस प्रतिशत तक कम करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर भोजन को दवा के तौर पर लिया जाए तो छोटे बदलावों से बड़े परिणाम हासिल हो सकते हैं।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जगत प्रकाश नड्डा की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इस पहल को विश्व लिवर दिवस को ध्यान में रखते हुए खान–पान और स्वस्थ जीवन शैली पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि तेल की मात्रा में कमी करने जैसे साधारण बदलाव बहुत प्रभावी हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से मोटापे के बारे में जागरूकता फैलाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में शामिल होने का आह्वान किया।

-------------------------------------------

प्रवेश परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने आज सुबह संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जे.ई.ई. मेन 2025 के दूसरे सत्र के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार, कुल 24 विद्यार्थियों ने 100 का परफेक्ट एन.टी.ए. स्कोर प्राप्त किया है। कट–ऑफ के साथ परिणाम जे.ई.ई. मेन की आधिकारिक वेबसाइट–जे.ई.ई. मेन डॉट एन.टी.ए. डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर उपलब्ध है। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 92 हजार 3 सौ 50 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। एनटीए ने 2 से 9 अप्रैल के बीच यह परीक्षा आयोजित की थी।

-------------------------------------------

उत्सव

ऊना ज़िले में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव 27 से 29 अप्रैल तक कांगड़ मैदान में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इस उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 29 अप्रैल को उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि हरोली उत्सव के सफल आयोजन के लिए युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है और इसे भव्य बनाने के लिए विभिन्न विभागों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया है। वहीं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि लोक संस्कृति के इस उत्सव को जनभागीदारी और जनसहभागिता का उत्सव बनाने के साथ–साथ इसके भव्य आयोजन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

-------------------------------------------

मौसम

प्रदेश के चंबा, किन्नौर व कुल्लू जिलों में कल रात तूफान के साथ बारिश होने का समाचार है जबकि आज अधिकांश इलाकों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा, ओलावृष्टि व आंधी तूफान चलने का अलर्ट जारी किया है।

-------------------------------------------

निरीक्षण

राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने हमीरपुर में निर्माणाधीन अंतरराज्यीय बस अड्डे, निगम की वर्कशॉप, डीएम और आरएम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एचआरटीसी, बस अड्डा प्रबंधन व विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बस अड्डे के निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। निपुण जिंदल ने एचआरटीसी वर्कशॉप, डीएम व आरएम कार्यालय और हमीरपुर के वर्तमान बस स्टैंड का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

---------------------------------------